PlanetRead

Literacy for a Billion

Movie: Yaadgaar
Year: 1970

Song: Jis path pe chala
Lyricist: Indeevar

जिस पथ पे चला
उस पथ पे मुझे
आँचल तो बिछाने दे
साथी ना समझ
कोई बात नहीं
मुझे साथ तो आने दे

जिस पथ पे चला
उस पथ पे मुझे
जिस पथ पे चला
उस पथ पे मुझे
आँचल तो बिछाने दे
साथी ना समझ
कोई बात नहीं
मुझे साथ तो आने दे
जिस पथ पे चला

थक जाएगा जब राहों में
बाँहों का सिरहाना दूँगी
बाँहों का सिरहाना दूँगी
तेरे सूने सूने जीवन में
मैं प्यार का रंग भर दूँगी
तेरे सूने सूने जीवन में
मैं प्यार का रंग भर दूँगी

मुझे तेरे क़दम
मुझे तेरे क़दम
नहीं बिंदिया से कम
माथे पे सजाने दे

साथी ना समझ
कोई बात नहीं
मुझे साथ तो आने दे
जिस पथ पे चला

जीवन की डगर पे तुझको
साथी की ज़ुरूरत होगी
साथी की ज़ुरूरत होगी
दिया कैसे जलेगा अकेले
बाती की ज़ुरूरत होगी
बाती की ज़ुरूरत होगी
मैं बनूँगी पिया
मैं बनूँगी पिया
तेरे पथ का दिया
दिया पथ में जलाने दे
मुझे साथ तो आने दे
मुझे साथ तो आने दे

*Disclaimer: PlanetRead does not own these lyrics and is not using them for any commercial purpose. For over 20 years, PlanetRead has been subtitling Bollywood songs for mass literacy. These lyrics are being offered as part of PlanetRead's literacy development initiative.*

*PlanetRead is a tax-exempt, not-for-profit: 501(c) (3) in the United States and 80(G) in India.*